# ठेले, टेबिल, कैरेट, भट्टी, गमले जब्त

## निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाया अतिक्रमण

**भोपाल, 4 जुलाई. नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने के साथ ही जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों को सहयोग देने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है.**

शुक्रवार को निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनें शेड, स्लेब, चबूतरे तोड़े तथा दुकानों के सामने रखा सामान, ठेले, गुमठी, टपरा, काउंटर, पान पार्लर, पटिये तथा फल-सब्जी की दुकानों को हटाने की कार्यवाही की और ठेले, टेबिल, कैरेट, भट्टी, गमले आदि जब्त किए हैं.



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शुक्रवार को पीरगेट, कोहेफिजा, गुफा मंदिर रोड, ऐशबाग, चाणक्यपुरी, करोद, महात्मा गांधी मार्केट, न्यू मार्केट, भारतमाता चौराहा, माता मंदिर, एमपी नगर, गायत्री मंदिर, जहांगीराबाद, अरेरा कालोनी, लिंक रोड नं. 01, 02, 03, चूना भट्टी, जवाहर चौक, अशोका गार्डन, कटारा हिल्स, बर्रई, अमलतास कालोनी, गौरीशंकर परिसर, कोलार, डीमार्ट, कलियासोत, 1100 क्वार्टर्स, लिली टॉकीज, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए कोहेफिजा मेनरोड के किनारे बना 01 अवैध टपरा, चूना भट्टी क्षेत्र में नाली पर बनें स्लैब, हर्षवर्धन नगर माता मंदिर क्षेत्र में अवैध रूप से बना चबूतरा, जवाहर चौक क्षेत्र में सड़क किनारे बना 01 अवैध छप्पर, कटारा बर्रई क्षेत्र में अवैध रूप से बना शेड आदि तोड़ा. साथ ही निगम अमले ने भविष्य में इन स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने की भी चेतावनी दी है.

> विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण कर रखी गई भवन निर्माण सामग्री, दुकानों के बाहर रखा सामान, फल-सब्जी की दुकानें व बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर, आदि को हटाया और 13 ठेले, 08 गमले, 05 कैरेड, 03 टेबिल, 01 भट्टी सहित अन्य प्रकार का सामान जब्त किया. निगम अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के पश्चात पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश देते हुए चेतावनी भी दी कि यदि पुनः अतिक्रमण पाया जाता है तो और अधिक सख्त कार्यवाही की जायेगी.

# समय-सीमा में शासन लोकसेवकों को दे पदोन्नति

▸ **बिना विलंब के महाअभियान चलाकर प्रकरणों को सुलझाएं**

**भोपाल, 4 जुलाई. राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने राज्य सरकार से बिना विलंब अविवादित रूप से महाअभियान चलाकर तय समय सीमांतर्गत पदोन्नति आदेश जारी कराए जाने की मांग की है.**

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शील प्रताप सिंह पुंढीर, महामंत्री व्यास मुनि चौबे, डॉक्टर देवी सिंह सनोदीया प्रदेश उपाध्यक्ष भगवानसिंह ठाकुर, सचिव कृष्णकांत मिश्रा, सुग्रीव सिंह आदि पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री की अभिनव पहल के बाद 9वर्षों से बंद पदोन्नतियों को प्रारंभ किया जा रहा है. यह सराहनीय कदम है. इस कार्य में कुछ नौकरशाह रूचि नहीं दिखा रहे हैं. यही वजह है कि जुलाई माह के 5 दिन बीत गए, लेकिन अभी तक विभागों में पदोन्नति संबंधी फाइलें नहीं उठ रही हैं. उन्होंने सरकार के इस उदासीनतापूर्ण ढुलमुल रवैए पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द प्राथमिकता पूर्वक महाअभियान के जरिए तय समय-सीमा में पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं, ताकि कर्मचारियों और अधिकारियों को इसका लाभ मिल सके.

संघ प्रमुख शील प्रताप सिंह पुंढीर का कहना है कि वर्षों बाद मुख्यमंत्री की मंशा से सेवकों को मिलने जा रही पदोन्नतियों को लेकर जहां विभागों में कोई तैयारियां व उत्साह दिखाई नहीं दे रहा है, वहीं विभाग सदैव की भांति कर्मचारी कल्याण कार्यक्रमों के प्रति उदासीन बने हुए हैं. कुछ राजनैतिक सोच वाले अधिकारी-कर्मचारी इस मामले को जातिगत राजनीति के चश्मे से देख रहे हैं, जो कर्मचारी हित में नहीं है. उन्होंने सवाल किया कि पात्रता के बावजूद अभी तक सैकड़ों कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो गए हैं.

> इसका जिम्मेदार कौन होगा. सभी को इस विषय पर सोचना होगा. संविधान, संगठन, सरकार, अजाक्स या सपाक्स सभी अपनी-अपनी जगह हैं, लेकिन नुकसान में सिर्फ कर्मचारी रहे. संगठन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव एवं सामान्य प्रशासन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर तत्परता पूर्वक पदोन्नति मामले के निपटारे के लिए विभागों की जवाबदेही तय करने की मांग की है.

# भोपाल दुग्ध संघ में एनडीईआरपी शुरू

**भोपाल.** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह द्वारा भोपाल दुग्ध संघ (बीडीएस) में एनडीईआरपी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड डेयरी ईआरपी) का शुभारंभ किया. यह पहल पूरे राज्य में डेयरी क्षेत्र के डिजिटलीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है. भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ प्रीतेश जोशी ने बताया कि इस अत्याधुनिक ईआरपी प्रणाली का कार्यान्वयन मात्र एक माह की रिकॉर्ड अवधि में पूर्ण किया गया, जो कि यह दक्षता, समर्पण और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रतीक है. इस मौके पर संघ के कई कर्मचारी रहे मौजूद.



**नगर निगम की लापरवाही से जनता परेशान**

**भोपाल.** राजधानी भोपाल में साजिद नगर वार्ड क्रमांक 8 में गंदगी का अंबार लगा हुआ है. जिसे समय पर नगर निगम द्वारा साफ-सफाई नहीं की जा रही है. इस वजह से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है.

# स्वामी विवेकानंद का साधारण जीवन प्रेरणादायक

▸ **123वीं पुण्यतिथि पर उन्हें किया याद, विचारों से प्रेरणा लेने की कही बात**

**मण्डीदीप, 4 जुलाई. औद्योगिक नगर में स्वामी विवेकानन्द को उनकी 123वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया. शुक्रवार को नगर की सामाजिक संस्था सेवा समिति ने सीएल आर्य स्कूल में स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन और श्रद्धासुमन अर्पित किया गया.**

इस दौरान सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके संदेश युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं. विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में ऐतिहासिक भाषण दिया और अपने ओज पूर्ण भाषणों से युवाओं में काफी लोकप्रिय भी हुए. उनका बेहद साधारण जीवन और उनके महान विचार सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं. नई पीढ़ी को स्वामी के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए. स्वामी न केवल भारत में युवाओं के लिए बल्कि पूरी दुनिया में आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध और प्रबुद्ध होने की चाह रखने वालों के लिए आदर्श हैं.



> सीएलआर्य स्कूल के संचालक शिवप्रसाद जायसवाल ने बताया कि युग पुरुष, असंख्य युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. विवेकानंद ने इस देश को पूरी तरह से नई छवि दी .इस अवसर पर सेवा समिति उपाध्यक्ष सजंय जैन, अषोक जैन, उपेन्द्र समैया, दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा, राजेश यादव, घनष्याम गोस्वामी, अशीष पाल, झुम्मक पाल, धारा पाल, शिवम तिवारी, जितेन्द्र मैना, प्रिंस पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

# विक्रमोत्सव-2025 को गोल्ड अवॉर्ड

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 जुलाई. राज्य सरकार के संस्कृति विभाग के तहत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के प्रतिष्ठित आयोजित विक्रमोत्सव-2025 को वाउ अवार्ड एशिया 2025 द्वारा एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. वाउ अवार्ड एशिया की टीम भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह अवार्ड प्रदान करेंगी. विगत वर्ष विक्रमोत्सव-2024 को एशिया का बिगेस्ट रिलीजियस अवार्ड मिल चुका है.**




विक्रमोत्सव-2025 को यह सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संस्कूति और विरासत के प्रति उनके समर्पण का परिणाम बताया. उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव 2025 को प्राप्त यह सम्मान न केवल मध्यप्रदेश बल्कि समस्त भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय है. विक्रमोत्सव एक आयोजन मात्र नहीं है बल्कि इन सबसे बढ़कर संस्कृति, विरासत और विकास का बेजोड़ संगम हैं. बीते 18 वर्षों से निरंतर विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है.

# आरक्षण देने का कानून छिपाया

## विभा पटेल ने ओबीसी मुद्दे पर उठाया सवाल

**भोपाल. मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर विभा पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने की नीयत नहीं रखती है. उसकी कलई शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान खुल गई.**

मप्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विरोध दर्ज किया तो कोर्ट ने सख्त रूख अपनाते हुए राज्य की मोहन यादव सरकार से जवाब मांगा है. विभा पटेल समेत अपॉक्स के संरक्षक भुवनेश पटेल, ओबीसी महासभा के धर्मेंद्र कुशवाह, पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के जीपी माली, मप्र ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिवक्ता संघ के तुलसी राम पटेल आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने का विधानसभा से कानून पारित है. इस तथ्य से भाजपा सरकार जानबूझकर सुप्रीम कोर्ट को अवगत नहीं करा रही है. एक प्रकार से इसे छिपाया जा रहा है.

# जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा प्रथम

▸ **प्रदेश में रायसेन दूसरा और बालाघाट को तीसरा स्थान**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 जुलाई. जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले खंडवा जिले ने प्रथम स्थान, रायसेन द्वितीय और बालाघाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है. मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद ने शुक्रवार को जिला व जनपद स्तरीय पुरस्कार की सूची जारी की है.**

जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों की रैंकिंग सूची में जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा जिले ने 92.50 प्रतिशत, रायसेन जिले ने 92.35 प्रतिशत और बालाघाट जिले ने 87.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है.

अभियान में खेत-तालाब के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य वाले जिले को पुरस्कार देने के लिए ए तथा बी दो श्रेणियां बनाई गई थी. ए श्रेणी में 4 या उससे कम जनपदों को शामिल किया गया था, जबकि बी श्रेणी में 5 या उससे अधिक जनपदों को शामिल किया गया था. शुक्रवार को जारी सूची में ए श्रेणी जिसमें 4 या उससे कम जनपद है, उसमें अनूपपुर जिला व बी श्रेणी जिसमें 5 या इससे अधिक जनपद है, उसमें बालाघाट जिले ने अपना स्थान बनाया है.

> **प्रदेश में 3 माह तक चला जल गंगा संवर्धन अभियान**
> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में बारिश के पानी को सहेजने व पुरानी जल संरचनाओं को नया जीवन देने के लिए 30 मार्च से 30 जून तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया, जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से गुड़ी पड़वा पर की थी. अभियान का समापन खंडवा में हुआ है.

# नेगी बने विभागीय समिति अध्यक्ष

▸ **प्रांतीय अध्यक्ष ने विभाग की नवीन कार्यकारिणी बनाने दी जिम्मेदारी**

**भोपाल. राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुन्ढीर ने सियाराम नेगी सहायक ग्रेड 2 को लोक शिक्षण संचालनालय की विभागीय समिति का प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत किया है.**



उन्हें विभागीय समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन करने का भी निर्देश दिया है. नेगी के मनोनयन पर प्रदेश महासचिव व्यास मुनि चौबे, भगवान सिंह ठाकुर, डॉ. देवीसिंह सनोडिया, शोएब सिद्धीकी, प्रणव खरे, सुग्रीव सिंह, कृष्णकांत मिश्रा, विनोद सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारियों व उनके साथियों ने बधाई और शुभकामनाएं. साथ ही सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह का आभार माना.

# एमसीयू में बदले गए कई विभागों के अध्यक्ष

**भोपाल, 4 जुलाई. राजधानी के माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय ( एमसीयू ) में नए सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ कई बदलाव भी शुरू हो गए. दअरसल, विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी विश्वविद्यालय को पूरी तरह अपडेट करना चाहते हैं.**

उन्होंने कई विभाग के विभाग अध्यक्षों को बदल दिया है, तो कुछ को पद मुक्त भी कर दिया है. कुछ प्रोफेसरों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. सत्र के शुरुआत के दौरान हुई बैठक में उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रैक्टिकल एक्सपोजर देने जोर देना होगा. अंतिम वर्ष के छात्रों की अप-स्किलिंग प्राथमिकता होगी. सिलेबस अपडेट किए जाएंगे, इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व साइबर सिक्योरिटी जैसे नए विषय जोड़े जाएंगे. इसके लिए सभी विभागों को एक माह में समीक्षा करने के निर्देश दिए.

**▸ विद्यार्थियों के हित में यह भी होंगे बदलाव**

जानकारी के अनुसार फैकल्टी को कहा गया है कि स्टूडेंट्स की उपस्थिति में ढील नहीं दी जाएगी. सेकंड और थर्ड ईयर के छात्रों का 15 दिनों में रजिस्ट्रेशन कराकर शुरुआत से ही मॉनीटरिंग की जाएगी. एक गोपनीय स्टूडेंट फीडबैक सिस्टम लागू किया जाएगा. इसके आधार पर एके मिक माहौल डेवलप करने जरूरी कार्रवाई भी की जा सकेगी. वीसी ने कहा कि पिछले वर्ष हमने सौ से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा से वंचित किया, क्योंकि वे आदतन अनुपस्थित थे. इस वर्ष हम चाहेंगे कि कक्षा इतनी प्रभावशाली हो कि अनुपस्थिति का कोई कारण ही न बचे. पहले इंटरनल एग्जाम से सख्ती की जाए. सभी की उपस्थिति जुलाई में ही रजिस्टर्ड हो.

> **हर महीने होगी 2 वर्कशाप**
> सभी कोर्स के विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से हर महीने दो वर्कशॉप होंगी, जिनमें देशभर के विषय विशेषज्ञ शामिल किए जाएंगे. कुलगुर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस सत्र में हर काम तय योजना और टाइमलाइन के साथ होने चाहिए. विवि पूर्व छात्रों को जोड़ेगा. गेस्ट फैकल्टी को लेकर कहा गया है 10 जुलाई तक भर्ती कर लिया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों के पढ़ाई में किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े.




# प्रशिक्षण को पाने वाले सभी प्रशिक्षकों को होंगे जिले अलॉट

▸ **कांग्रेस का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**भोपाल, 4 जुलाई. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय चयन इंटरव्यू कार्यक्रम का आयोजन भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में किया गया. इस विशेष आयोजन में महेंद्र जोशी ( प्रदेश प्रभारी प्रशिक्षण ), विंग कमांडर अनुमा आचार्य, निधि चतुर्वेदी, ललित सेन, आनंद जाट, अवनीश भार्गव एवं इरफ़ान खान सहित अनेक वरिष्ठ प्रशिक्षण विशेषज्ञों की उपस्थिति रही.**

इस इंटरव्यू में प्रदेश के 200 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें से 100 प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा. चयनित प्रशिक्षकों को आगामी दो दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसका आयोजन इसी माह पीसीसी में किया जाएगा. प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी प्रशिक्षकों को जिले अलॉट किए जाएंगे, जहाँ वे बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक कांग्रेस संगठन के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे. यह संपूर्ण प्रशिक्षण अभियान अगले दो वर्षों तक सघन रूप से चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता एवं बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं में दक्षता का विकास करना है.

> इस संदर्भ में संगठन महामंत्री डॉ संजय कामले ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान कांग्रेस पार्टी के पुनर्गठन, सशक्तिकरण और विचारधारा के प्रसार का मजबूत माध्यम बनेगा. कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर हम जमीनी स्तर पर एक संगठित, सशक्त और वैचारिक रूप से स्पष्ट नेतृत्व तैयार करेंगे. यह प्रशिक्षण पहल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है, जो कांग्रेस संगठन को हर स्तर पर सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

**अपराध** ▸ हत्या के प्रयास के मामलों में फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अब तक 8 लोगों को बनाया आरोपी

# मंडीदीप में इनामी आरोपियों का जुलूस निकालकर पहुंचाया जेल

▸ **दोनों को 6 जून की रात दंगा भड़काने का आरोप**

**मंडीदीप, 4 जुलाई. औद्योगिक शहर में पुलिस ने दो दिन पूर्व दो दंगे के आरोपियों पर पांच हजार रु का इनाम घोषित किया था. दोनों आरोपियों को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर शुक्रवार को नगर में जुलूस निकालकर न्यायालय भेज दिया है. इन दोनों को 6 जून की रात दंगा भड़काने का आरोप था. सकल हिंदू समाज ने इन दोनों आरोपियों पर नगर में साम्प्रदायिक दंगे भड़काने, एक युवा पर जानलेवा हमला करवाने का आरोप लगाते हुए धाराएं बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपा था. इसके बाद एसडीओपी शीला सुरणा के नेतृत्व में पिछले 3 दिनों की कड़ी मश्क्कत के बाद दोनों आरोपियों को पकड़ा जा सका.**



एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया फरार इनामी आरोपी सोहेल खान, असलम पठान को नागपुर से पकड़ा. उन्होंने बताया दोनों ही आरोपियों पर धारा 296, 118, 191(2), 192(3), 109(1),

बीएनएस एवं 3(2) (4) एससी-एसटी एक्ट और 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. इनके साथ अंकित कुशवाह को 249 बीएनएस की धारा के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया. सभी आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है.

**▸ यह था मामला**

6 जून को ईद की पूर्व रात्रि में मवेशियों से भरे दो ट्रकों को रोकने को लेकर तनाव फैल गया था. जिसमें 500 से अधिक हथियारबंद युवकों थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया था. वहीं इस दौरान हिंदू युवक अजय मालवीय पर जानलेवा हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. घटना के बाद दो पक्षों में भारी तनाव था और बड़ी संख्या में सकल हिन्दू समाज के लोगों ने 1 मई को जनआक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया था. सकल हिंदू समाज ने आरोपियों पर सख्त धाराओं में कार्रवाई, अतिक्रमण हटाने, झूठे मुकदमे वापस लेने और पुलिस अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था.